Need to introduce a Vande Bharat Train Service between Gorakhpur and New Delhi ? laid

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने प्रभु श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या को जोड़ते हुए गोरखपुर से लखनऊ तक वंदे भारत रेलगाड़ी का उपहार मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर की जनता को दिया है।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि गोरखपुर से नई दिल्ली के लिए वंदे भारत रेल गाड़ी देने की कृपा करें। वर्तमान में गोरखपुर से नई दिल्ली के लिए एक भी हाई स्पीड रेल गाड़ी नहीं है जिससे मेरे क्षेत्र की जनता को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वंदे भारत रेलगाड़ी के चलने से संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर की जनता के जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति होगी।